12/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

नव निर्वाचित भाजपा पार्टी के नेता और प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री ने आज राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाईक से राज भवन में भेंट कर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। बाद में राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार बनाने का आमंत्रण दिया। इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से श्री खाण्डू को विधायक दल का नया नेता चुना गया, जिससे नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ब्यूराम वागे ने मुख्यमंत्री पद के लिए श्री खाण्डू का नाम प्रस्तावित किया और पार्टी के सभी छियालीस विधायकों ने इसका समर्थन किया। ईटानगर के दोरजी खाण्डू कॉनवेंशन सेंटर में कल नए मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रीमंडल कल सुबह ग्यारह बजे शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष जे पी नड्डा, सिनियर लिडरों और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं पार्टी नेशनल जनरल सेक्रेट्री-बी एल संतोष भी उपस्थित रहेंगे।

0000000000000000

वेस्ट कामेंग़ के दिरांग सब-डिविजन में न्यूकमादुंग  में निर्माणाधिन कामेंग़ सांस्कृतिक और विरासत संग्रहालय का निर्माण अगस्त की प्रथम सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगां न्यूकमादुंग गांव में सोमवार को वेस्ट कामेंग़ जिला प्रशासन, भारतीय सेना तथा भारतीय विसारत संस्थान (आई आई एच) के बिच हुए समन्वय बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक को न्यूकमादुंग के संबद्ध निर्माणाधिन संग्रहालय कि स्थापना और प्रगति पर चर्चा के उद्देश्य से बुलाई गई थी।

बैठक के दौरान भारतीय सेना के प्रतिनिधियों ने संग्रहालय के योजनाओं और लेआउट्स की रुपरेखा तैयार की जिसमें जनता के लिए उपलब्ध अतिरिक्त सुविधाओं का विवरण दिया गया इसमें बच्चों के पार्क, souvenir store, cafeteria, audio video hall और पारंपरिक मोनपा झोपड़ी इत्यादी शामिल है।

00000000000000000

नामसाई में ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए आयोजित “निहत्थे सुरक्षा गार्ड” कौशल पर महिने भर चले कौशल विकास कार्यक्रम कल सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रेनि युवाओं को देश भर के विभिन्न शहरों में निहत्थे सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करने के लिए सिखाया गया। इसके अतिरिक्त अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने ट्रेफिक प्रबंधन और अग्निशमन पर भी प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम को नाबार्ड अरुणाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रायोजित, एसडीपी को नामसाई जिला प्रशासन और अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एआरएसआरएलएम) के सहयोग से बेथेल लाइफ केयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कार्यान्वित किया गया था। 00000000000000000

प्रदेश सुचना आयोग (ए पी आई सी) ने लोक निर्माण विभाग के जन सुचना अधिकारी (पी आई ओ) पर जानबूझकर सुनआई से बचने और वैधानिक कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन नही करने के कारण उनपर पंद्रह हजार रुपये का जुर्माना लगाया। ए पी आई सी रजिस्ट्रार ने कहा कि जिम्मेदार सार्वजनिक प्राधिकारी का अपने वैधाणिक कर्तव्यों को प्राथमिकता से निभाने से लगातार अनुपस्थिति रहने को आयोग गंभीरता से ले रहा है।

उन्होंने कहा कि पी आई ओ आयोग के कोर्टमें व्यक्तिगत रुप से कभी उपस्थित नहीं हुआ। पी आई ओ सह EE PWD यिंगकियोंग डिविजन से जूर्माना रकम को तीन जुन से पहले ट्रेजरी चालान के जरिए ए पी आई सी रजिस्ट्रार के नाम जमा करने का निर्देश दिया।

00000000000000000

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जायेगी और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करेंगी और उनके अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा का सत्र भी इस महीने की सत्ताइस तारीख को शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की 3 तारीख को समाप्त होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।श्री रिजिजू ने कहा कि जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री जिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

00000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस के मद्देनजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वृक्षासन योग के लाभ के साथ एक वीडियो साझा किया है। श्री मोदी ने कहा कि वृक्षासन या वृक्ष मुद्रा के संतुलन और मुद्रा को बेहतर बनाने में सहायता सहित कई लाभ हैं। 00000000000000000

विश्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अगले तीन वित्तीय वर्षों में छह दशमलव सात प्रतिशत की स्थिर विकास दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यह वृद्धि घरेलू मांग, निवेश में वृद्धि और सेवा क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों से प्रेरित है। वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में, विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस के लिए भारत के लिए विकास पूर्वानुमान को छह दशमलव छह प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इससे पहले, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष-आईएमएफ ने वर्ष वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान छह दशमलव पांच प्रतिशत से बढ़ाकर छह दशमलव आठ प्रतिशत किया था।

00000000000000000

लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को अगला थल सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह इस महीने की 30 तारीख को कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे 30 जून को सेवा निवृत्त हो रहे हैं। 1 जुलाई, उन्नीस सौ चौसठ को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी 15 दिसंबर, उन्नीस सौ चौरासी को भारतीय सेना की इन्फैंट्री (जम्मू और कश्मीर राइफल्स) में शामिल हुए थे। लगभग 40 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दी है।

सेना के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी दो हजार बाईस से दो हजार चौबीस तक इन्फैंट्री के महानिदेशक और जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (मुख्यालय, उत्तरी कमान) सहित महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं।

0000000000000000